भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 2229

गुरूवार, 16 दिसम्बर, 2021/25 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्थानीय लोगों के लिए क्षमता निर्माण

2229. डा. अमी याज्ञिक:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा धरोहर स्थलों, स्मारकों और पर्यटन स्थलों पर स्थानीय लोगों के रोजगार अवसरों को बढ़ाने के लिए की गई क्षमता निर्माण और कौशल विकास संबंधी गतिविधियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा की गई क्षमता निर्माण और कौशल विकास पहल ने स्थानीय युवाओं को रोजगार पाने में सक्षम बनाया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने सात प्रतिष्ठित स्थलों अर्थात आगरा में ताजमहल, दिल्ली में हुमायूं का मकबरा, लाल किला, क़ुतुब मीनार, बिहार में महाबोधि मंदिर, गोवा में कोलवा बीच और असम में काजीरंगा में गंतव्य आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्ष 2019-20 से प्रारंभ किया है जिसका उद्देश्य इन पर्यटन स्थलों एवं गंतव्यों के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करना, उनका उन्नयन करना और उन्हें जानकारी प्रदान करना है।

यह कार्यक्रम ग्रामीण और शहरी गंतव्यों में रोजगार क्षमता बढ़ाने और पर्यटन क्षेत्र में सेवारत श्रमशक्ति को उन्नत करने के लिए तैयार है। यह कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2020-21 में जारी रहा है और बढ़कर 150 से भी अधिक नए गंतव्यों तक पहुंच गया है। तथापि, कोविड 19 महामारी के कारण यह कार्यक्रम 44 गंतव्यो पर आयोजित हुआ है। गंतव्यों की सूची **अनुबंध-I** में दी गई है।

यह कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान जारी है। अब तक 24 गंतव्यों पर यह कार्यक्रम हो चुका है। गंतव्यों की सूची **अनुबंध-II** में दी गई है। इस कार्यक्रम के तहत अबतक 5804 लोगों को कवर किया गया है।

****

अनुबंध-I

स्थानीय लोगों के लिए क्षमता निर्माण के सम्बन्ध में दिनांक 16.12.2021 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2229 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

क्र. सं.	गंतव्यों का नाम	राज्य
1	एलीफेंटा गुफाएं	महाराष्ट्र
2	अम्बर फोर्ट	राजस्थान
3	श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर	केरल
4	बेकल किला	केरल
5	लेह पैलेस	लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश
6	भेड़ाघाट	जबलपुर
7	वैष्णो देवी (कटरा)	जम्मू और कश्मीर
8	भद्रवाह	जम्मू और कश्मीर
9	बद्रीनाथ	उत्तराखंड
10	गंगोत्री	उत्तराखंड
11	ग्वालियर का किला	मध्य प्रदेश
12	ताज महल	उत्तर प्रदेश
13	कैलाश नाथ मंदिर, कांचीपुरम	तमिलनाडु
14	महाबलीपुरम	तमिलनाडु
15	पहलगाम	जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश
16	चेरापूंजी	मेघालय
17	लिविंग रूट ब्रिज	मेघालय
18	रामप्पा मंदिर, वारंगल	तेलंगाना
19	गोलकुंडा किला, हैदराबाद	तेलंगाना
20	मालनिथन	अरुणाचल प्रदेश
21	डूरजीलिंग	अरुणाचल प्रदेश
22	जीरो, लोअर सुबनसिरी	अरुणाचल प्रदेश
23	नामसाई, नामसाई जिला	अरुणाचल प्रदेश
24	हम्पी	कर्नाटक
25	ओरछा	मध्य प्रदेश
26	काजीरंगा	असम
27	कामाख्या मंदिर	असम
28	फ़ॉकलैंड, आइजोल	मिजोरम
29	फौंगपुई तांग (लवंगतलाई)	मिजोरम

30	लियनछियारी लंगलेन तांग, डूंगतलांग (चम्फाई)	मिजोरम
31	रीक (ममित)	मिजोरम
32	भीमबेटका के प्रागैतिहासिक शैलाश्रय	मध्य प्रदेश
33	रॉक-कट मंदिर	हिमाचल प्रदेश
34	ब्रह्म सरोवर	हरियाणा
35	शेखचिल्ली का मकबरा	हरियाणा
36	मैकलोडगंज	हिमाचल प्रदेश
37	वैशाली	बिहार
38	आनंदपुर साहिब	पंजाब
39	पतरातू	झारखंड
40	मंगोलिया सूर्यास्त बिंदु	झारखंड
41	रामेश्वरम	तमिलनाडु
42	पन्ना	मध्य प्रदेश
43	स्वर्ण मंदिर	पंजाब
44	अग्रसेन की बावली	दिल्ली

****

अनुबंध-II

स्थानीय लोगों के लिए क्षमता निर्माण के सम्बन्ध में दिनांक 16.12.2021 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2229 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

क्र. सं.	**गंतव्यों का नाम**	**राज्य**
1	नामसाई	अरुणाचल प्रदेश
2	पासीघाट	अरुणाचल प्रदेश
3	काजीरंगा	असम
4	कामाख्या मंदिर	असम
5	हरिहर नाथ मंदिर, सोनपुर	बिहार
6	मैकलोडगंज	हिमाचल प्रदेश
7	पतरातू	झारखंड
8	हम्पी	कर्नाटक
9	श्रवणबेलगोला	कर्नाटक
10	मैसूर पैलेस	कर्नाटक
11	ओरछा	मध्य प्रदेश
12	भेड़ाघाट	मध्य प्रदेश
13	ग्वालियर का किला	मध्य प्रदेश
14	ताजमहल	उत्तर प्रदेश
15	लिविंग रूट ब्रिज चेरापूंजी	मेघालय
16	मावफलांग पवित्र उपवन	मेघालय
17	महाबलीपुरम	तमिलनाडु
18	कैलाश नाथ मंदिर, कांचीपुरम	तमिलनाडु
19	वैष्णोदेवी (कटरा)	जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश
20	गुलमर्ग (टंगमर्ग)	जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश
21	लेह पैलेस	लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश
22	चित्रकूट	उत्तर प्रदेश
23	फतेहपुर सीकरी	उत्तर प्रदेश
24	गंगोत्री	उत्तराखंड

****